प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज महाकुंभ नगर में कई कार्यक्रमों में हुई शामिल : महाकुंभ को बताया भारतीय परम्पराओं और आध्यात्मिकता का जीवंत संगम।
2. केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने त्रिवेणी संगम में लगाई आस्था की डुबकी : अयोध्या पहुंच कर श्रीरामलला के दरबार में भी लगाई हाजिरी।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में कानून व्यवस्था और विकास परियोजनाओं की समीक्षा की : चिड़िया घर में हाथी रेस्क्यू सेंटर का किया उद्घाटन।

और

4. मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिये नामांकन प्रक्रिया हुई पूरी : दस उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित, 5 फरवरी को होगा मतदान।

———————

प्रयागराज में आस्था के महाकुंभ में भारी संख्या में देश–विदेश से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आज शाम तक 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज महाकुंभ नगर का भ्रमण किया, जहां वे कई कार्यक्रमों में शामिल हुई। एक रिपोर्ट.......

*राज्यपाल ने सेक्टर 9 में विद्या भारती के पूर्वी यूपी क्षेत्र कैम्प द्वारा आयोजित महिला सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने महाकुंभ को भारतीय परम्पराओं और आध्यात्मिकता का जीवंत संगम बताते हुए कहा कि यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं,बल्कि भारतीय जीवन मूल्यों और संस्कति का प्रतिबिम्ब है। इसके बाद राज्यपाल ने रज्जू भइया विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती पटेल ने विद्यार्थियों और शिक्षकों से संवाद करते हुए उनके अनुभव और महाकुंभ में किये जा रहे शोध कार्यो की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को महाकुंभ के दौरान सेवा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा दी। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

——————————

केंद्रीय ऊर्जा, आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने आज प्रयागराज में पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि महाकुंभ में देश के कोने कोने से आ रहे श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं बहुत अच्छे तरीके से की गयी है। इसके बाद केन्द्रीय मंत्री अयोध्या पहुंच जहां उन्होंने श्रीरामलला के दर्शन किय। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रयागराज के महाकुंभ में विविधता में एकता और एकता में समरसता के जो दर्शन होते है वह अकल्पनीय है। बाइट.....

*प्रयागराज एक आस्था का विषय बना है कि सारे देश और दुनिया के लोग आते हैं और एक आपस में समाज का जो एकता एक समरसता इसका जो प्रतीक बना है विविधता में एकता के दर्शन होते हैं वो भी अकल्पनीय है और उससे भी देश को बहुत बड़ा बल मिला है।*

——————————

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ 2025 में लाखों श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और स्वच्छ भोजन सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर कड़े कदम उठाए हैं। एक रिपोर्ट.......

*एफएसएसएआई ने उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से मेला क्षेत्र के विभिन्न सेक्टर में खाद्य विश्लेषकों सहित 10 मोबाइल खाद्य प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं तैनात की है। यह खाद्य प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं मिलावटी और खराब होने वाली खाद्य पदार्थों की मौके ही पर जांच कर रही है। साथ ही खाद्य व्यापार संचालकों, स्ट्रीट फुड विक्रेताओं और आम जनता को जागरुक भी किया जा रहा है। मेले के प्रत्येक सेक्टर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी तैनात हैं, जो स्वच्छता और सुरक्षा मानकों की नियमित निगरानी करते हैं। खाद्य गुणवत्ता की जांच के लिए मेला परिसर में मौजूद होटलों, छोटे खाद्य स्टॉल और ढाबों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। मौके पर मौजूद टीम को खाद्य सुरक्षा संबंधी शिकायतों का समाधान और सामान की गुणवत्ता सहित खाना पकाने के तरीकों की जांच करके तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

———————

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के लिए अमरोहा से सीधी रोडवेज बस सेवा कल से शुरू हो जाएगी। इसके लिए समय सारिणी जारी कर दी गई है। अमरोहा से प्रत्येक दिन एक बस सुबह सात बजे और दूसरी बस दोपहर दो बजे रवाना होगी। एआरएम मौहम्मद शफी ने बताया कि इसका किराया 614 रुपए निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि यात्रियों की संख्या बढ़न पर स्पेशल बसें भी संचालित की जाएंगी।

———————

प्रयागराज में  महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को ठंड से बचाने के उत्तर प्रदेश वन निगम ने अलाव की लकड़ी की व्यवस्था को ऑनलाइन कर दिया है। अब सभी लकड़ी डिपो को गूगल लोकेशन के जरिए आसानी से ढूंढा जा सकता है। फायर वुड डिपो प्रयागराज टाइप करके इन डिपो का स्थान सर्च किया जा सकता है। डीएसएम प्रयागराज आर. के. चांदना ने बताया कि इसके लिए 16 डिपो स्थापित किए गए हैं। लकड़ी की कीमत 600 रुपये प्रति क्विंटल रहेगी।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप पादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने विकास परियोजनाओं को

समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने इसके लिये एक नोडल अधिकारी तय करते हुए उनसे साप्ताहिक प्रगति की रिपोर्ट लेने के लिये भी कहा है। एक रिपोर्ट.....

*मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलाधिकारी या वरिष्ठ अधिकारी हर 15 दिन पर विकास परियोजनाओं की समीक्षा करे, साथ ही परियोजनाओं की प्रगति को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की जाये। मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिये नियमित और संवेदनशील ढंग से सुनवाई करने के लिये अधिकारियों को निर्देशित भी किया। मुख्यमंत्री ने ट्रैफिक प्रबंधन को और सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि सभी वाहन तय किये गये पार्किंग स्थल पर ही खड़े किये जाये। उन्होंने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के लिये कहा कि ऑटो या ई–रिक्शा की स्टेयरिंग नाबालिकों के हाथों में न हो। इसके साथ ही सभी स्ट्रीट वेंडर्स को तय वैंडिंग जोन में व्यवस्थित किया जाये। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में एनेक्सी भवन के प्रथम तल पर बने सभागार कक्ष का उद्घाटन भी किया। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान में हाथी रेस्क्यू सेंटर का उद्घाटन किया। साथ ही तितली उद्यान का लोकार्पण और काफी टेबल बुक का विमोचन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर हम पर्यावरण और पशु–पक्षियों के प्रति संवेदनशील होंगे, तो हमें रहने के लिये अच्छा वातावरण मिलेगा। बाइट.....

*प्रकृति के साथ पर्यावरण के साथ, वन्य जीवों के साथ अन्य जीव जंतुओं के साथ पशु पक्षियों के साथ अगर हमारा व्यवहार अच्छा है,*

*संवेदनशील है। अगर हम पर्यावरण के अनुकूल है तो पर्यावरण हमें जीने के लिए उत्तम वातावरण देगा और इस पर सरकार अनेक कार्यक्रम प्रारंभ किए हैं। डबल इंजन की सरकार केंद्र और राज्य सरकार इसको आगे बढ़ा रही है और पिछले सात आठ वर्षों के अंदर हमारी सरकारों ने जो प्रयास किया है इसमें सौ करोड़ से अधिक क्षारोपण किया है। इसका परिणाम क्या है कि उत्तर प्रदेश का वन का आच्छादन बढ़ा है।*

—————————

प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिये आज नाम वापसी का अंतिम दिन था। इस सीट पर किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन वापस नहीं लिया गया। इस सीट के लिये 14 उम्मीदवारों ने पर्चे भरे थे, जिनमें से 4 उम्मीदवार के नामांकन पत्र खारिज कर दिये गये हैं। इसके बाद मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर 10 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। अयोध्या के उप जिलाधिकारी ने बताया कि सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिये गये हैं। इस सीट पर पांच फरवरी को मतदान होगा और परिणाम 8 फरवरी को आयेगा।

—————————

वक्फ़ संशोधन विधेयक 2024 पर बनी संयुक्त संसदीय समिति जेपीसी की एक महत्वपूर्ण बैठक कल लखनऊ में होगी। इस बैठक में शिया सेंट्रल वक्‌फ़ बोर्ड के सदस्यों के साथ उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारी भी भाग लेंगे। इसके बाद समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल और अन्य सदस्य मुतावल्ली एसोसिएशन और वक्फ़ से जुड़े

कुछ और लोगों के साथ भी चर्चा करेंगे। इन बैठकों में जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल के साथ समिति के दूसरे सदस्य असादुद्दीन ओवैसी, संजय सिंह, माहिबुल्लाह नदवी भी मौजूद रहेंगे।

—————————

प्रदेश के सभी पूर्वी जिलों में कोहरा छाए रहने और पछुआ हवा चलने के चलते तापमान में गिरावट आ गई है। इससे ठंड में अचानक बढ़ोत्तरी हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण मौसम में हुए बदलाव का क्रम अगले दो दिन तक जारी रहेगा।

(समाप्त)